मरीज़ के लिए तत्काल रेफेरल संबंधी जानकारी

यह जानकारी पत्रिका समझाती है कि आपके GP ने आपको अस्पताल में रेफर क्यों किया है, इसका अर्थ क्या है और आपको क्या करना होगा

मुझे तत्काल अस्पताल को रेफर क्यों किया गया है?

आपको तत्काल रेफर किया गया है क्योंकि आपके GP को लगता है कि आपके लक्षणों की विस्तृत जाँच की आवश्यकता है और उन्होंने आपको एक विशेषज्ञ को रेफर किया है। आपको क्या समस्या है इसका पता लगाने के लिए आप जल्दी देखे जाने की अपेक्षा कर सकते/सकती हैं।

क्या इसका अर्थ है कि मुझे कैंसर है?

ऐसी कई सामान्य स्थितियाँ हैं जिनसे यह लक्षण जुड़े हो सकते हैं, और इनमें कैंसर की संभावना शामिल है। तत्काल रेफेरल वाले अधिकतर लोगों को कैंसर नहीं होता है।

अगर आपको कैंसर होने का निदान किया जाता है, तो जल्दी निदान हो यह सुनिश्चित करने का अर्थ है कि उपचार अधिक प्रभावी होने की संभावना है, और इसलिए, यह महत्वपूर्ण है कि आपको तत्काल देखा जाए।

<u>क्योंकि यह रेफेरल तत्काल या अर्जन्ट है, इसका मतलब है कि आपको दो सप्ताहों के भीतर अस्पताल में अपॉइंटमेन्ट देने का प्रस्ताव किया जाएगा, लेकिन यह एक सप्ताह के भीतर भी हो सकता है। तेजी से निदान पाने के लिए आपको अगले चार सप्ताहों के दौरान आगे के परीक्षणों के लिए उपलब्ध रहना पड़ सकता है।</u>

आपके GP के लिए क्या जानना ज़रूरी है?

- सुनिश्चित कीजिए कि आपके GP के पास आपका सही पता और टेलीफोन नंबर हो, जिसमें अगर आपके पास हो, तो एक मोबाइल नंबर भी शामिल हो, ताकि अस्पताल आप से टेलीफोन द्वारा संपर्क कर पाए
- अगर आप अगले दो सप्ताहों में किसी अपॉइंटमेन्ट के लिए नहीं जा पाएंगे/पाएंगी, तो कृपया अपने GP को बताएं
- अगर आपको किसी अनुवादक की आवश्यकता हो, तो अपने GP को बताएं, और वह आपके लिए इसकी व्यवस्था करेंगे
- अगर आपको दो सप्ताहों के भीतर अस्पताल से अपॉइंटमेन्ट न मिली हो, तो अपने GP की प्रैक्टिस से संपर्क करें

इसके बाद क्या होगा?

आपके GP की प्रैक्टिस आपके लिए एक अपॉइंटमेन्ट बुक करेगी। अगर आपका GP आपके लिए यह बुक न कर पाए, तो अस्पताल इसकी व्यवस्था करने के लिए आपसे संपर्क करेगा।
अस्पताल आपको अपॉइंटमेन्ट के बारे में अतिरिक्त जानकारी भी भेज सकता है, जिसमें आप जब अपॉइंटमेन्ट के लिए जाएं तब हो सकने वाले ऐसे किन्हीं भी अन्य परीक्षणों के बारे में जानकारी भी शामिल है।

आप किसी तिथि के लिए सहमत हो जाएं उसके बाद यह बहुत महत्वपूर्ण है कि आप अपनी अपॉइंटमेन्ट के लिए जाएं। अगर आप अपॉइंटमेन्ट के लिए पहुँचने में अक्षम हों, तो कृपया अपने पुष्टी के पत्र पर दिए नंबर पर कॉल करके तुरंत अस्पताल को इसके बारे में सूचित करें।

अस्पताल में क्या होगा?

जब आपकी अस्पताल की अपॉइंटमेन्ट होगी, तो सामान्य तौर पर आप किसी विशेषज्ञ से मिलेंगे/मिलेंगी या फिर आपका एक नैदानिक परीक्षण होगा। अगर आपको अपॉइंटमेन्ट के दौरान कोई परीक्षण कराने होंगे, तो आपको अग्रिम में सूचित किया जाएगा, इसलिए कृपया सुनिश्चित करें कि आप आपको अग्रिम में दिए गए किन्हीं भी निर्देशों का पालन करें।
आप अपने साथ किसी दोस्त या रिश्तेदार को ला सकते/सकती हैं, क्योंकि अगर आपको मेडिकल टीम आप से जिस बारे में बातचीत करेगी उसको समझने में कोई चिंता हो, तो यह मददगार हो सकते हैं।

कोई प्रश्न हैं?
अगर आपको अस्पताल को अपने रेफेरल के बारे में कोई चिंता या प्रश्न हो, तो कृपया अपने GP की सर्जरी को कॉल करके आपको रेफर करने वाले व्यक्ति से बात करें।

अधिक जानकारी के लिए उपयोगी लिंक

https://www.cancerresearchuk.org/
https://www.macmillan.org.uk/information-and-support